## संपादकीय

# समाधान और संदेश

दशकों से चला आ रहा अयोध्या का राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद समाधान की ओर बढ़ चला है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इसकी सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है, जो 23 दिन में सार्वजनिक कर दिया जाएगा। अदालत ने कहा कि अगले तीन दिन तक इस मामले में दस्तावेज जमा कराए जा सकते हैं। इस बीच मध्यस्थता पैनल ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट दाखिल की है, हालांकि यह साफ नहीं है कि रिपोर्ट में है क्या। पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने 40 दिनों तक सुनवाई की, जिसमें विवादित भूमि के मालिकाना हक और रामलला विराजमान को न्यायिक व्यक्ति मानने के मुद्दे पर दोनों पक्षों ने दलीलें दीं।

अंतिम सुनवाई से ठीक पहले इस केस के मुख्य मुस्लिम पक्षकार सुन्नी वक्फ बोर्ड के जमीन पर अपना दावा छोड़ने की खबर आई। कहा गया कि यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मध्यस्थता पैनल के जरिए सुप्रीम कोर्ट में केस वापस लेने का हलफनामा दाखिल कर दिया है लेकिन बाद में यह अफवाह साबित हुई। सचाई यह है कि आज तक इस विवाद में पहले भी कई तरह की अफवाहें उड़ती रही हैं। इस मामले ने पिछले तीन दशकों में देश और समाज को न जाने कितने आघात दिए हैं। हर दो-तीन साल बाद इसे लेकर उत्तेजक बयानबाजी शुरू हो जाती है। माहौल में अनावश्यक तनाव फैल जाता है, जिसका फायदा समाज विरोधी तत्व उठाते हैं।

अच्छा होगा कि यह ऊंट अब एक करवट बैठ जाए। इसे सुलझाने के लिए राजनीतिक और गैर-राजनीतिक स्तर पर कई तरह की पहलकदमियां हुईं लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। 30 सितंबर 2010 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने विवादित 2.77 एकड़ जमीन को सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला विराजमान के बीच बराबर-बराबर बांटने का आदेश दिया था लेकिन इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 14 याचिकाएं दायर की गईं। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2011 में हाई कोर्ट के फैसले की तामील पर रोक लगाने और विवादित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। आखिरकार इन 14 अपीलों पर लगातार सुनवाई हुई। बीच में सुप्रीम कोर्ट ने इसे मध्यस्थता के जरिए सुलझाने की सलाह भी दी थी, पर बात नहीं बनी।

अंततः दोनों पक्षों के अलावा देश भर में यही राय बनी कि इसका फैसला अब सुप्रीम कोर्ट ही करे। अब जबकि अदालत इसका फैसला जल्द ही सुनाने वाली है, तब सभी को इसे सकारात्मक भाव से ग्रहण करना चाहिए और इसको किसी एक पक्ष की हार, दूसरे की जीत के रूप में नहीं देखना चाहिए। यह न्याय की जीत होगी लिहाजा इस निर्णय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस मसले पर सियासी दांव-पेचों की बहुत बड़ी कीमत देश की जनता ने चुकाई है। इसके कारण विकास के कई अजेंडे पीछे छूट गए हैं। वक्त बीती बातों को भुलाकर उन कामों को आगे बढ़ाने का है। हमें अपने व्यवहार से दुनिया को संदेश देना होगा कि अपने मसले हम एक परिपक्व राष्ट्र की तरह सुलझाने में सक्षम हैं।

# अब कबाड़ियों की बजाए सरकार को बेचें पुराना फ्रिज-वॉशिंग मशीन और एसी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर आप पुरानी चीजों को बेचकर नई खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए काफी फायदेमंद है। आपको बतो दें कि मोदी सरकार पुरानी गाड़ी, एयर कंडीशनर, वॉशिंग मशीन और फ्रिज को लेकर एक नई पॉलिसी लाने का प्लान कर रही है। सरकार अगले सप्ताह स्टील स्क्रैपेज पॉलिसी लाने जा रही है। बता दें कि इस पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। इस पॉलिसी की खास बात यह है कि पहले स्टील स्क्रैपेज पॉलिसी सिर्फ गाड़ियों के लिए थी, लेकिन इस बार इसमें एसी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन को भी शामिल किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पॉलिसी के तहत कई जगह स्क्रैपेज सेंटर बनाए जाएंगे। इन सेंटरों में जाकर लोग स्क्रैप बेच सकेंगे। इसमें सभी तरह के पुराने स्टील को शामिल किया जाएगा।

खास बात यह है कि सरकार स्क्रैप बेचने पर इंसेंटिव देगी। इसका मतलब है कि जितना वैल्यू का स्क्रैप निकेलगा उसमें सरकार अलग से इंसेटिव देगी। इस पॉलिसी को लाने का मकसद है कि ज्यादा लोग स्क्रैप बेचने के लिए आगे आएं। कितनी राशि पर कितना इन्सेंटिव दिया जाए, इस पर विचार किया जा रहा है। जल्द ही इस पर सहमति बनने के बाद स्टील स्क्रैपेज पॉलिसी को सार्वजनिक किया जाएगा। इसको लागू होने में 10 दिन का समय लग सकता है।

इस पॉलिसी का यह फायदा होगा कि स्टील के पुराने स्क्रैपेज एक जगह जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद उसकी रीसाइकिलिंग होगी। इसके अलावा, पुरानी गाड़ियां भी सड़कों से बाहर हो जाएंगी। लोग पुरानी गाड़ियां बेचकर नई गाड़ियां खरीदने के लिए आगे आएंगे, इससे नई गाड़ियों की बिक्री बढ़ सकती है। वैसे भी ऑटो कंपनियों ने नई गाड़ियों की कीमतें कम कर दी हैं।

नई स्क्रैपेज पॉलिसी से स्टील के आयात को कम किया जा सकता है। सरकार स्टील स्क्रैप प्लांट खोलेगी जहां पुराने स्टील को फिर से इस्तेमाल के लायक बनाया जाएगा। भारत में साल में करीब 60 लाख टन स्टील स्क्रैप का आयात किया जाता है।

# आसुस ने भारत में लाँच किए डुअल स्क्रीन लैपटॉप



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लैपटॉप और स्मार्टफोन बनाने वाली प्रमुख कंपनी आसुस ने डुअल स्क्रीन वाला नया लैपटॉप जेनबुक प्रो डुओ यूएक्स 581 और जेनबुक डुओ यूएक्स481 को भारतीय बाजार में लाँच करने की घोषणा की है।

कंपनी ने गुरूवार को यहां कहा कि दोनों लैपटॉप नए डिजाइन के हैं जो कीबोर्ड के ऊपर एक सेकंडरी टचस्क्रीन से जुड़ते हैं। भारत में लगातार भ्रमण में रहने वालों, क्रिएटिव मैवरिक्स, कंटेंट क्रिएटरों, संपादकों, गेमर और मल्टीटास्किंग प्रोफेशनलों की बढ़ती संख्या के लिए परफेक्शन के साथ तैयार किया गया आसुस की नई ज़ेनबुक श्रृंखला यूजर को प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और अधिक क्षमता हासिल करने में मदद करेगा।

उसने कहा कि इसके साथ ही ज़ेनबुक यूएक्स334/ यूएक्स434/ यूएक्स534 पर नए स्क्रीनपैड 2.0 को भी लाँच किया गया है।

## सात के बजाय दो दिन में पोर्ट होगा मोबाइल नंबर, लागू होगी नई व्यवस्था




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर आप अपनी मौजूदा सेल्युलर ऑपरेटर से परेशान हैं और अपना नंबर किसी दूसरी ऑपरेटर पर पोर्ट कराना चाहते हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। टेलीकॉम रेगुलेटर ट्राई ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की पूरी प्रक्रिया में बदलाव करते हुए इसे और आसान बना दिया है।

बता दें कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को कहा कि मोबाइल उपभोक्ता 4 से 10 नवंबर के बीच मोबाइल नंबर पोर्टिबिलिटी (एमएनपी) के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। ट्राई के मुताबिक, एमएनपी संशोधित नियमों को लागू करने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। अब ग्राहक 11 नवंबर से मोबाइल नंबर पोर्ट के लिए आवेदन कर सकेंगे। एमएनपी के तहत ग्राहक उपभोक्ता बिना नंबर बदले अपना नेटवर्क बदल सकते हैं।

## टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 के ताज पर विराट कोहली की नजर



**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज से पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की तो उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान भी हासिल कर लिया। स्मिथ से पहले यहां विराट कोहली लगातार 13 महीनों से नंबर 1 पर काबिज थे। मौजूदा टेस्ट रैंकिंग में विराट 936 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर हैं और वह यहां पहले स्थान पर काबिज स्टीव स्मिथ से मात्र 1 अंक पीछे हैं। अब एक बार फिर विराट की निगाह नंबर 1 पोजिशन पर है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही मौजूदा सीरीज में उनका बल्ला रंग में है।

पुणे में खेले गए सीरीज के दूसरे टेस्ट में विराट ने नाबाद 254 रन की पारी खेलकर टेस्ट रैंकिंग में पहले और दूसरे स्थान के अंतर का फासला बहुत कम कर दिया है। अब विराट स्मिथ से सिर्फ 1 अंक पीछे हैं और रांची टेस्ट में वह एक और शानदार पारी खेलकर वापस पहला स्थान हासिल करना चाहेंगे। 254 रन की पारी खेलने वाले विराट के टेस्ट करियर का यह 7वां दोहरा शतक था। विराट की अगुआई में टीम इंडिया में साउथ अफ्रीका का 3-0 से सफाया करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी तो विराट यहां अपने बल्ले से एक बार फिर रनों का अंबार लगाना चाहेंगे। ये दोनों ही खिलाड़ी रन मशीन माने जाते हैं और दोनों में रैंकिंग में टॉप पर बने रहने के यह प्रतिस्पर्धा कड़ी होने की उम्मीद है।

## डीजल के दाम 2 दिन बाद फिर घटे, पेट्रोल की कीमत स्थिर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** डीजल के दाम में दो दिनों की स्थिरता के बाद फिर कटौती की गई है जबकि पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। डीजल शुक्रवार को दिल्ली और कोलकाता में 10 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 11 पैसे लीटर सस्ता हो गया, जबकि तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के भाव लगातार दूसरे दिन स्थिर रखे। बाजार के जानकार बताते हैं कि डीजल के दाम घटने से परिवहन किराया या मालभाड़ा खर्च घटता है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों में कमी आती है। इस प्रकार डीजल के दाम घटने से महंगाई कम होती है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 73.27 रुपये, 75.92 रुपये, 78.88 रुपये और 76.09 रुपये प्रति लीटर रहे जबकि चारों महानगरों में डीजल के दाम घटकर क्रमशः 66.31 रुपये, 68.67 रुपये, 69.50 रुपये और 70.04 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

## माधुरी दीक्षित स्टाइल में सान्या मल्होत्रा ने किया जबरदस्त डांस



बॉलावुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो में सान्या बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के स्टाइल में डांस करती नजर आ रही हैं. वीडियो में सान्या ने अपने अंदर छिपी माधुरी दीक्षित को बाहर निकाला है.

सान्या खुद ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये वीडियो शेयर किया है. वीडियो के कैप्शन में सान्या ने कहा, हमको आजकल है इंतजार..डांस करने का क्योंकि पिछले कुछ समय से मैंने डांस नहीं किया है और मैं इसे मिस कर रही थी.

सान्या इस वीडियो में माधुरी के सुपरहिट गाने हमको आजकल है इंतजार पर परफॉर्म किया है. आपको बता दें कि ये गाना साल 1990 में आई फिल्म सैलाब का है.

सान्या ने इस गाने पर परफॉर्म करने के लिए एक पीले रंग का चोली-ब्लाउज ब्लू जीन्स के साथ पहना है. इस वीडियो को अब तक 3,94,759 व्यूज मिले हैं. सान्या मल्होत्रा के इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. इस पर उन्हें कई कमेंट्स भी मिले. एक्ट्रेस जरीन खान ने कमेंट करते हुए लिखा, क्यूटेस्ट.

वहीं उनकी खास दोस्त फातिमा सना शेख ने दिल वाले इमोजी शेयर करत हुए उन्हें क्यूट बताया. इसके अलावा नुपुर सेनन, कुबरा सैत और गजराज राव ने भी उनकी इस वीडियो पर कई कमेंट किए.

## चोटिल होने के बावजूद जैकलीन ने कर्मा गाने की शूटिंग की



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने चोटिल होने के बावजूद आगामी फिल्म ड्राइव के गाने कर्मा की शूटिंग की। यहां तक कि जैकलीन नेटफ्लिक्स के इस प्रोजेक्ट के गाने कर्मा की शूटिंग के दौरान सेट पर बेहोश तक हो गई थीं। इसमें अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत भी हैं।

जैकलीन ने कहा, उस समय मैं बहुत सारी परियोजनाओं की शूटिंग के बीच में थी। मेरा पैर चोटिल था और मुझे इन सभी रिहर्सल में फिट होना था, जिसके लिए मुझे अच्छी-खासी हाई हील में शूटिंग करने की जरूरत थी और मेरे दोनों घुटने जवाब दे गए।

जैकलीन एक्शन दृश्य की शूटिंग कर रही थीं और साथ ही डांस नंबर की तैयारी कर रही थीं और व्यस्त कार्यक्रम ने उनकी सेहत पर पानी फेर दिया। कर्मा की शूटिंग के दौरान, जैकलीन को कुछ स्टंट करने पड़े और चोटिल होने के बावजूद उन्होंने गाने पर डांस किया। उन्होंने सहजता के साथ हर स्टेप किया। फिल्म की पूरी यूनिट ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और निर्देशक तरुण मनसुखानी जैकलीन के समर्पण को देखकर बहुत प्रभावित हुए।

अभिनेत्री ने कहा, हमने दो दिनों में गाने को शूट किया और हम उन दो दिनों में बहुत कुछ करने में कामयाब रहे।

## मैं यात्राओं को जीती हूं : वाणी कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि उन्हें यात्रा करना काफी पसंद है और वह यात्राओं को जीती हैं। इस 31 वर्षीय अभिनेत्री ने पर्यटन अध्ययन में स्नातक की डिग्री हासिल की है। उनका कहना है कि उनकी शिक्षा ने ही उनके अंदर नई जगहों को देखने की भावनाओं को बढ़ाया है। बीते सप्ताह वाणी 12वें इंडिया रनवे वीक में डिजाइनर निकिता टंडन के लिए रैंप वॉक करने के लिए दिल्ली आई हुई थीं। उन्होंने अपनी यात्राओं के कुछ अनुभवों को साझा किया। उनसे बातचीत के कुछ अंश- आपकी फिल्म वार बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है, इस बारे में आपका क्या कहना है? इस पर वाणी ने कहा, फिल्म के लिए मुझे बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

## आज का राशिफल

मेषः- आज आप थोड़ी सी अधिक मेहनत करके सभी पुराने कामों को निपटा दें। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी पैदा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता है।

वृषभः- आज कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला व साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मिथुनः- आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी।

कर्कः- आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हरेक प्रकार की मदद करेंगे। खर्चों में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है।

सिंहः- साहस और धैर्य से काम लेना होगा। किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा।

कन्याः- आज आपकी राशि का स्वामी बुध द्वितीय भाव में सूर्य के साथ संचार कर रहा है। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव हो सकता है। विद्यार्थियों को निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता है।

तुलाः- वृष राशि का चन्द्रमा अष्टम भाव में आज पराक्रम व धन की वृद्धि करेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे।

वृश्चिकः- राशि का स्वामी मंगल कन्या राशि पर और चन्द्रमा वृष राशि सप्तम भाव में संचार कर रहा है। आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे।


धनुः- आज आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। नए-नए खर्च निकलकर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लगा सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रि पर्यन्त यात्रा का योग है।

मकरः- आपकी राशि का स्वामी शनि द्वादश भाव में और राशि से एकादश भाव वृश्चिक राशि का गुरु आज आपको सुव्यवस्था का कोई कार्य सौंपेगा।

कुंभः- चन्द्रमा चतुर्थ भाव में वृष राशि पर संचार कर रहा है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्ज भी लेना पड़ सकता है।

मीनः- आज आप अपने प्रतिद्वन्दियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम व आदर की भावना बढ़ेगी। देव, गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना में इच्छित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा।

## मिनटों में बनाएं फेस्टिवल के लिए स्वीट डिश 'श्रीखंड'



### सामग्री :

डेढ़ कप कटे हुए फल (सेब, चीकू, अनार, अमरूद, पाइनएप्पल इत्यादि),

एक कप दही पानी निकला हुआ (दही का पानी निकालने के लिए साफ सूती कपड़े में दही डालें और उसे बांधकर टांग दें),

एक टेबलस्पून गर्म दूध,

कुछ रेशे केसर के,

एक टेबलस्पून शुगर सबस्टीट्यूट,

एक चौथाई इलायची पाउडर

### विधि :

1. एक कटोरी में एक टेबलस्पून गर्म दूध लेकर उसमें केसर के रेशे मिलाएं और अलग रख दें।

2. पानी निकले हुए दही में इलायची पाउडर, शपगर सबस्टीट्यूट और केसर वाला दूध डालकर अच्छी तरह मिलाएं। आपका श्रीखंड तैयार है।


3. इस श्रीखंड को ठंडा होने के लिए दो-तीन घंटे तक फ्रिज में रख दें।

4. जब मेहमानों को यह स्वीट डिश सर्व करनी हो तो कांच के गिलास में पहले कटे हुए फलों के टुकड़े डालें। उसके ऊपर से ठंडा श्रीखंड डालें और सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 19

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तचात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | व |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू-दोकू- 19

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |